## एक नजर में

### मोना सुस्तानी प्रदेश महामंत्री नियुक्त

नवभारत न्यूज, ब्यावरा/राजगढ़ 22 मार्च, का.



भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री पद पर जिले की वरिष्ठ भाजपा नेत्री श्रीमती मोना सुस्तानी को नियुक्त किया गया है. महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी परांजये राजवाडे के द्वारा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति उपरांत महिला मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है. जिसमें राजगढ़ जिले से श्रीमती मोना सुस्तानी को प्रदेश महामंत्री बनाया गया है. इनकी नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त करते हुए पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने बधाई देते हुए प्रदेश संगठन के प्रति आभार व्यक्त किया है.

### मितेश व्यास टीएसी सदस्य मनोनीत

राजगढ़ 22 मार्च, का. नगर के युवा सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर मितेश व्यास को भारत



सरकार के संचार मंत्रालय के अंतर्गत भोपाल परिमंडल में टेलीफोन सलाहकार समिति टीएसी का सदस्य मनोनीत किया गया है. उनकी यह नियुक्ति राजगढ़ सांसद रोडमल नागर की अनुशंसा पर केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा की गई है. इसके पहले सांसद खेल मोहुत्सव में भी राजगढ़ लोकसभा कोडनेटर रहे हैं. मितेश व्यास की इस उपलब्धि पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों और समर्थकों ने उन्हें हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं. सभी ने विश्वास व्यक्त किया है कि श्री व्यास अपनी इस नई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे, जिससे दूरसंचार सेवाओं के विस्तार और सुधार में क्षेत्र को लाभ मिलेगा.

### मेला मैदान को लेकर 24 मार्च को देंगे ज्ञापन

खिलचीपुर 22 मार्च, सं. मेला मैदान की भूमि को षडयंत्र पूर्वक समाप्त करने का आरोप लगाते हुए सकल समाज द्वारा आगामी 24 मार्च मंगलवार को नगर बंद का आव्हान किया गया है. नगर बंद को सफल बनाने के लिए सकल समाज के लोग रविवार को नगर में रैली निकाली और दुकानदार भाइयों से 24 मार्च मंगलवार को दुकान बंद रखकर राजगढ़ चलने का आव्हान किया. रैली की शुरुआत भोजपुर नाके से होकर तोपखाना गेट, सुभाष चौक, कपड़ा मार्केट,पटवा बाजार,इमली स्टैंड ओर बस स्टैंड पहुंची.

### अतिथि शिक्षकों ने बनाई आंदोलन की रणनीति

सुठालिया 22 मार्च, सं. आगामी 30 मार्च को भोपाल में होने वाले विशाल अतिथि शिक्षक आंदोलन को लेकर सुठालिया नगर में ब्लॉक बैठक आयोजित की गई. बैठक में ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले सभी संकुल प्रभारी अतिथि शिक्षक उपस्थित हुए. बैठक में आगामी आंदोलन को लेकर रणनीति बनाई गई और निर्णय लिया गया कि प्रत्येक संकुल से प्रत्येक स्कूल से सभी अतिथि शिक्षक भोपाल विशाल आंदोलन में पहुंचेंगे. बैठक में उपस्थित अतिथि शिक्षकों ने आंदोलन को सफल बनाने के लिए अपने सुझाव रखे और एकजुट होकर आंदोलन में भाग लेने का आह्वान किया.

# ट्रॉली पलटी, 7 साल की बालिका को रेफर किया


## राजगढ़ उर्स में जा रही ट्रॉली पलटी, 20 से ज्यादा सवार थे, 8 लोग घायल हुए, भोजपुर के बारोल की घटना

**राजगढ़ उर्स मेला जा रहे ग्रामीणों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी**

**8 घायल; शराब के नशे में तेज रफ्तार चला रहा था ड्राइवर**

**एक बच्ची को भोपाल रेफर किया**





खिलचीपुर. ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से घायल हुए लोग.

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा/खिलचीपुर 22 मार्च, सं. शनिवार शाम राजगढ़ उर्स के लिए जा रहे ग्रामीणों से भरी ट्रॉली भोजपुर के समीप बारोल गांव के पास हादसे का शिकार हो गई. ट्रॉली पलटने से करीब आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए वहीं एक छोटी बच्ची को गंभीर हालत में भोपाल रेफर किया गया है. घायलों को खिलचीपुर सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है.**

जानकारी के अनुसार भोजपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बरखेड़ा के करीब 20 से अधिक ग्रामीण ट्रॉली में बैठक उर्स मेले में जा रहे थे. उसी दौरान बारोल गांव के पास अनियंत्रित होकर उनकी ट्रॉली पलट गई जिसमें ग्रामीणों को चोटें आई है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने खिलचीपुर और छापीहेड़ा अस्पताल से एम्बुलेंस बुलवाकर घायलों को अस्पताल पहुंचाया.

### एक बच्ची को भोपाल रेफर किया

दुर्घटना में ट्रॉली में सवार 7 साल की किरण तंवर को गंभीर चोटें आई है. उसके हाथ में फ्रैक्चर बताया गया. जबकि सीमाबाई के सिर में गंभीर चोट आई है. पूजा तंवर के चेहरे और जबड़े में चोट लगने से वह बोल भी नहीं पा रही है. अन्य घायलों को भी चोटें आई हैं, जिनका इलाज जारी है. दुर्घटना स्थल पर मौजूद ग्रामीणों के अनुसार ट्रैक्टर गांव का ही बजेसिंह तंवर चला रहा था, जिसने शराब पी रखी थी और तेज रफ्तार में वाहन चला रहा था. यात्रियों ने उसे कई बार धीमे चलाने के लिए कहा, लेकिन उसने किसी की नहीं सुनी. इसी लापरवाही के चलते ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया. गनीमत रही कि ट्रैक्टर-ट्रॉली पूरी तरह नहीं पलटी, वरना बड़ा हादसा हो सकता था. दुर्घटना में 8 लोगों के घायल होने की हो गए, जिनमें बच्चे और महिलाएं भी शामिल हैं. इनमें किरण तंवर 7 वर्ष, सीमाबाई तंवर 15 वर्ष, पूजा तंवर 14 वर्ष, कान्हा तंवर 9 वर्ष, कविता 20 वर्ष, सम्पत बाई 60 वर्ष, लखन तंवर 18 वर्ष और देवीसिंह आयु 32 वर्ष के नाम सामने आए है. सभी घायलों को एम्बुलेंस की मदद से खिलचीपुर सिविल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया.

## सड़क हादसे में युवक की मौत

**नवभारत न्यूज, खुजनेर/सारंगपुर 22 मार्च, सं.** सारंगपुर के समीप हाईवे पर स्थित गुलावता जोड़ के यहां रविवार को हुई सड़क दुर्घटना में बाईक सवार खुजनेर निवासी युवक का प्राणांत हो गया .प्राप्त जानकारी के अनुसार खुजनेर निवासी युवक जगदीश दुबे पिता सिद्धनाथ दुबे उम्र 45 वर्ष जो कि खुजनेन में मनियारी की दुकान चलाता था. रविवार को मनियारी का सामान लेने बाईक द्वारा सारंगपुर जा रहा था तभी तेज रफ्तार ट्रक ने बाईक को टक्कर मार दी. दुर्घटना में गंभीर चोट के चलते युवक का प्राणांत हो गया .खुजनेर संवाददाता के अनुसार युवक जगदीश दुबे खुजनेर में जुलानिया जी की होटल के समीप मनियारी की छोटी दुकान चलाता था. सहज, सरज एवं मिलनसार व्यक्तित्व के धनी युवक के आकस्मिक निधन से नगर में गहरा शोक छा गया. रविवार की दोपहर बाद युवक का स्थानीय मुक्तिधाम पर अंतिम संस्कार कर दिया गया. जिसमें बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, प्रबुद्धजनों, गणमान्य नागरिकों, समाज बंधुओं ने शामिल होकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की.



# सरसों की भावांतर योजना में खरीदी आज से

## सोमवार अवकाश होने से ब्यावरा में कल से होगी खरीदी

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 22 मार्च, का. फसल का उचित मूल्य देने शासन द्वारा सरसों के लिए भावांतर भुगतान योजना आज 23 मार्च से प्रारंभ हो रही है. स्थानीय कृषि मंडी में आज साप्ताहिक अवकाश होने से कल मंगलवार से भावांतर में खरीदी प्रारंभ होगी.**

गौरतलब है कि शासन द्वारा भावांतर योजना के तहत सरसों खरीदी हेतु प्रति क्विंटल 6200 रुपये मूल्य निर्धारित किया गया है. हालांकि भावांतर योजना के पूर्व ही स्थानीय कृषि उपज मंडी में सरसों के अच्छे दाम मिल रहे है.

मंडी प्रबंधन के अनुसार मंडी में आने वाले किसान प्रवेश द्वार पर हेल्प डेस्क में भावांतर योजना की जानकारी ले सकेंगे. योजना में सरसों बेचने आने वाले किसानो को अपने वाहन पर वाहन क्रमांक प्लेट लगाना अनिवार्य होगा. बिना नंबर प्लेट के वाहनों को योजना का लाभ प्राप्त नहीं होगा. योजना में किसी भी प्रकार का मैनुअल कार्य पोर्टल पर प्रविष्टि नहीं होगा/प्रतिबंधित होगा. योजना पूर्णत: ऑनलाइन और रियल टाइम होगी. योजना का लाभ केवल नई सरसों पर ही प्राप्त होगा. पुराने सरसों पर योजना का लाभ प्राप्त नहीं होगा. योजना अंतर्गत नगद भुगतान प्राप्त करने पर योजना का लाभ प्राप्त नहीं होगा. भुगतान केवल ऑन लाइन बैंक ट्रांसफर के माध्यम से ही मान्य होगा. नगद भुगतान दर्ज होने के बाद किसी भी प्रकार का संशोधन मान्य नहीं होगा. प्रवेश द्वार पर किसान अपनी ट्रॉली रोककर सरसो के सैंपल के साथ प्रवेश पर्ची प्राप्त करेंगे. प्रत्येक कृषक मंडी के प्रवेश के समय आधार कार्ड की छाया प्रति और किसान पंजीयन अनिवार्य रूप से लावे. सरसों पर भावांतर भुगतान योजना का लाभ जिले के कृषकों को ही प्राप्त होगा अन्य जिले के कृषकों को नहीं. इस योजना में 1 मार्च से 22 मार्च 2026 के बीच मंडी में बेची गई सरसों की मात्रा को कम किया जाकर ही पात्रता तय की जायेगी. साफ सुथरी क्वालिटी की सरसों पर ही योजना का लाभ प्राप्त होगा.

### मार्च माह में यह रहे सरसों के भाव

6 मार्च को सरसों के न्यूनतम भाव 4300 तथा उच्चतम मूल्य 6000 रुपये रहे. 7 मार्च को 5155 से 5960 रुपये के बीच, 10 मार्च को 5400 से 6020 रुपये के बीच, 11 मार्च को 5150 से 5955 रुपये, 13 मार्च को 5500 से 6835 रुपये तथा 20 मार्च को सरसों का न्यूनतम भाव 5980 तथा उच्चतम मूल्य 6440 रुपये रहा.



ब्यावरा. गांगाहोनी में बकाया के चलते विभाग ने सप्लाई काट दी.

# बिजली कंपनी की मनमानी से परेशान विद्युत उपभोक्ता

## जिनके बिल जमा वह भी अंधेरे में रहने को मजबूर

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 22 मार्च, का. सुठालिया रोड पर स्थित ग्राम गांगाहोनी में विद्युत उपभोक्ताओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. गांव के मुख्य बस स्टेण्ड स्थिता ट्रांसफार्मर पर बकाया का हवाला देते हुए आठ दिन पूर्व बिजली सप्लाई काट दी गई किंतु ट्रांसफार्मर से कनेक्शन वाले जिन उपभोक्ताओं के बिल बराबर जमा है उनको भी अंधेरे में रहना पड़ रहा है.**

उपभोक्ता का कहना है कि विद्युत विभाग के जिम्मेदारों की मनमानी से खासे परेशान है. गांव के बस स्टेण्ड स्थित विद्युत ट्रांसफार्मर से आठ दिन पूर्व सप्लाई बंद कर दी गई. उक्त ट्रांसफार्मर पर करीब 150 कनेक्शन है. 20 से 25 ऐसे उपभोक्ता है जिनके द्वारा प्रतिमाह बराबर बिल की राशि जमा की जा रही है. बावजूद इसके उन उपभोक्ताओं को भी बिजली नहीं मिल पा रही है. उपभोक्ता पवन नामदेव के अनुसार उनके द्वारा 21 मार्च को बिल की राशि जमा कर दी गई. परन्तु बिजली सप्लाई चालू नहीं की है, विभाग के जिम्मेदारों का कहना है कि सभी बकायादारों की बकाया राशि जमा होने पर ही ट्रांसफार्मर से सप्लाई शुरु की जाएगी.

### 4 किमी दूर से गेहूं पिसवाकर ला रहे

गांव में तीन आटा चक्की होना बताया जाता है इनकी बिजली सप्लाई बस स्टेण्ड स्थित ट्रांसफार्मर से ही है. ट्रांसफार्मर से बिजली काट देने से आठ दिन से आटा चक्की बंद है. जिसके कारण लोगों को ग्राम उमरेड, टोड़ी जाकर गेहूं पिसवाकर लाना पड़ रहा है. इन गांव की दूरी यहां से 4 से 8 किमी तक है. इसी तरह पेयजल संकट के हालात भी बने हुए है.

दूर दराज दो से तीन किमी दूर खेतों पर स्थित जल स्रोतो से पानी लाना पड़ रहा है. आश्चर्यजनक बात यह है कि जिन उपभोक्ताओं के द्वारा बिल जमा होने पर बिजली सप्लाई के लिए कहा जाता है तो विभाग के जिम्मेदार यह कहते है कि बकायादारों से बिल जमा करवाओं तो हम बिजली सप्लाई बहाल कर देंगे. अब यह कहां का तर्क है कि बकायादारों की राशि जमा करवाने अन्य उपभोक्ता उनको कहेंगे. जबकि यह कार्य विभाग का है न कि आम उपभोक्ता का. ऐसे में जिन उपभोक्ता के बिल जमा है वह भी परेशान हो रहे है.

# स्वर्णकार महिला मण्डल ने मनाया गणगौर

नवभारत न्यूज

**खिलचीपुर 22 मार्च, सं.** खिलचीपुर में रविवार को स्वर्णकार महिला मंडल द्वारा गणगौर पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. समाज की महिला अध्यक्ष अनिता सोनी के नेतृत्व में माता गौरा और ईसर (भगवान शिव) का भव्य चल समारोह निकाला गया, जिसने पूरे नगर को उत्सव के रंग में रंग दिया. दोपहर 3 बजे सुभाष चौक पर महिलाओं ने विधि-विधान से माता गौरा (पार्वती) और ईसर जी की प्रतिमाओं का पूजन किया. इसके बाद सुसज्जित हाथ ठेले में प्रतिमाओं को विराजित कर बैंड-बाजों के साथ नगर भ्रमण के लिए रवाना किया गया. चल समारोह सुभाष चौक से सराफा बाजार, पिपली बाजार, पटवा बाजार, दांगी दरवाजा, इमली स्टैंड और माली मोहल्ला होते हुए स्वर्णकार धर्मशाला पहुंचा. इस दौरान पारंपरिक वेशभूषा में सजी महिलाओं ने ढोल-बाजों की धुन पर नृत्य कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया. नगर के विभिन्न स्थानों पर लोगों ने पुष्पवर्षा कर चल समारोह का स्वागत किया, जिससे हर गली-मोहल्ले में उत्सव की झलक दिखाई दी. आयोजन के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे. पूरे मार्ग में पुलिस बल तैनात रहा, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ. गणगौर पर्व विशेष रूप से सुहागिन और कुंवारी महिलाओं के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है. इस दिन महिलाएं माता गौरा और ईसर की पूजा कर सुखी दांपत्य जीवन और मनचाहे वर की कामना करती हैं. यह पर्व प्रेम, समर्पण और वैवाहिक सौभाग्य का प्रतीक है.

# हंसमुख व्यक्ति हमेशा खुश रहता है, जीवन को सकारात्मक दृष्टिकोण से जीता है



पड़ाना- मां आशापुरी धाम में श्री राम कथा सुनाते सुश्री रचना दीदी.

नवभारत न्यूज

**पड़ाना 22 मार्च, सं. चैत्र नवरात्र पर्व के दौरान नगर के मां आशापुरी धाम परिसर में चल रही सरस संगीत मय श्री राम कथा के चौथे दिवस श्री राम कथा वाचिका सुश्री रचना दीदी ने श्री राम के बाल चरित्र का वर्णन कर नामकरण संस्कार का वृत्तांत के दौरान हंसमुख स्वभाव और कठोर स्वभाव सारांश बताया कि दोनों ही मनुष्य के व्यक्ति के अलग-अलग पहलू है. उन्होंने बताया कि एक हंसमुख व्यक्ति हमेशा खुश रहता है और जीवन को सकारात्मक दृष्टिकोण से देखता है.**

ऐसे लोग दूसरों को आकर्षित करते हैं और उनके साथ समय बिताना अच्छा लगता है. हंसमुख स्वभाव वाले लोग जीवन को चुनौतियों का सामना भी मुस्कुराते हुए करते हैं. कठोर स्वभाव वाला व्यक्ति अक्सर दूसरों के प्रति कठोर और अनुशासित होता. कभी-कभी उनका यहां स्वभाव दूसरों को दुख भी पहुंचा सकता है. कठोर स्वभाव वाले लोग अक्सर अपने आप पर भी कठोर होते हैं. अपने आप को बहुत ज्यादा दबाव में रखते हैं. इस मौके पर खाती समाज राष्ट्रीय अध्यक्ष लीलाधर देथलिया, युवराज पटेल, गौरी शंकर पटेल सहित सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष एवं मां आशापुरी मित्र मंडल समिति सदस्य उपस्थित रहे.

# पडाना में विवादों, अतिक्रमण में उलझी महती सड़क

नवभारत न्यूज

**पड़ाना 22 मार्च, सं.** मऊ पड़ाना से लेकर तलेन तक केंद्रीय सड़क निधि से स्वीकृत 25.50 किलोमीटर सड़क का निर्माण लोक निर्माण विभाग की देखरेख में गोडेक कंस्ट्रक्शन कंपनी ठेकेदार के द्वारा पुल पुलियाओं सहित सड़क का निर्माण कार्य किया जा रहा है. इसी के तहत नगर में अंदर मगराना आसारेटा चौराहे से लेकर सदर बाजार गांधी चौक बसस्टैंड पीपली चौराहा से लेकर बाईपास तक बन रही सीसी सड़क अतिक्रमण की वजह से विवादों में फंस गई है. सड़क के दोनों ओर से प्रशासन के द्वारा अतिक्रमण कब्जा नहीं हटाए जाने के कारण ठेकेदार ने बीच में कहीं 6 मीटर तो कहीं 7 मीटर चोडी सड़क बना दी है. जिससे आने जाने वालों को काफी परेशानी हो रही है और लोग गिरकर चोटिल हो रहे हैं तथा आमने-सामने रहने वाले लोग कम और ज्यादा नाली के निर्माण एवं सीसी सड़क को लेकर विवाद हो रहे हैं. मौके पर लोक निर्माण विभाग के प्रभारी एसडीओ पीके शर्मा हल्का पटवारी आत्माराम वर्मा और ठेकेदार के लोग पहुंचे और सीसी सड़क सहित नाली के निर्माण को देख चोडी सीसी सड़क का नाप जोख किया गया लोक नर्माण विभाग के अधिकारी ने ठेकेदार से फिर से सीसी सड़क और नाली का निर्माण कार्य करवाया जाएगा. ठेकेदार का कहना है कि जितनी जगह मिली उतनी जगह में सीसी सड़क का निर्माण किया गया है तथा पर्याप्त नाली की जगह और सोल्डर की जगह नहीं मिलने के कारण अधूरा काम करना पड़ा.



सुठालिया. भागवत कथा के समापन पर बड़ी संख्या में पहुंचे.

# सहज-सरल स्वभाव बनाओ भगवान की शरण पाओ

## सुठालिया में कथा के समापन पर किया पौधारोण

नवभारत न्यूज

**सुठालिया 22 मार्च, सं. मशीन बिगड़े तो मेकेनिक के पास ले जाओ और स्वभाव बिगड़े तो कथा में लाओ. ऐसा सहज सरल स्वभाव बनाओ की राजा हरिश्चंद्र का सब चला गया लेकिन ईमानदारी नहीं गई. स्वभाव में बदलाव करे परमात्मा से कामना करे की संत जैसा स्वभाव बने. उक्त उदगार स्थानीय पीला खाल खेल मैदान पर गत सोमवार से शुरू हुई संगीत में भागवत कथा के अंतिम सोपान सातवें दिन कथा प्रवक्ता प्रेम नारायण गेहूंखेड़ी वालों ने व्यक्त किये.**

उन्होंने कहा कि स्वभाव अच्छा है तो पांडव जंगल में भी ठीक थे ओर स्वभाव ठीक नहीं था तो दुर्योधन महल में रहकर सुखी नही था. वहीं राम जी वनवास में रहकर सुखी थे लेकिन रावण सोने की लंका में भी सुखी नही था. किसी भी स्तर पर रहो लेकिन स्वभाव अच्छा होना चाहिए. मनुष्य को अपने स्वभाव के कारण ही सुख दुख होता है. हम हमारे स्वभाव से मजबूत बने दुसरो के प्रति अच्छा स्वभाव रखे काम क्रोध लोभ मोह इनको उल्टा करके देखो. सेवा के रास्ते आगे बढ़ाओ तो संत भी मिलेंगे ओर भगवान भी मिलेंगे. जो भगवान ने दिया हे इसी में आपका भला होगा ज्यादा आस करने की जरूरत नहीं है. सिर्फ परमात्मा में विश्वास रखो संसार में सुख दुख अता जाता रहेगा लेकिन भगवान का भजन करे. सुनील सरावत मित्र मंडल द्वारा आयोजित कथा का रविवार को विश्राम हुआ.

इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सोंधिया, पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी, राजेंद्र सिंह कीलखेड़ा, मोहन पंवार, पुष्पा पंवार, कमल सिंह पंवार, निखिराज सिंह, विष्णु गुर्जर, सहित हजारों की संख्या में भक्त गण मौजूद थे. स्थानीय पीला खाल मैदान पर श्रीमद् भागवत कथा के समापन अवसर पर गुरुजीश्री प्रेम नारायण के सानिध्य में वृक्षारोपण किया गया.

**धर्मकर्म** | बीते 68 वर्षों से अखण्ड ज्योत का साक्षी करनवास का श्री गायत्री ज्ञानाश्रम

# छोटे से गांव ने 68 सालों से जला रखी है भक्ति की ज्योत

नवभारत न्यूज

**करनवास 22 मार्च, सं. श्री गायत्री ज्ञानाश्रम करनवास में प्रतिवर्षानुसार इस बार भी 69 वां चैत्र नवरात्रि महोत्सव पूर्ण श्रद्धा, भक्तिभाव के साथ मनाया जा रहा है. मंदिर धाम पर बीते 68 वर्षो ज्योति अनवरत् रुप से प्रज्जवलित है. धाम के प्रति श्रद्धालुओं में गहरी आस्था है और यह धाम काफी चमत्कारिक है.**

मंदिर धाम पर हर दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन आते है किंतु नवरात्रि में यहां दूर-दूर से श्रद्धालुजन आते है. मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित अर्पित माणकलाल आचार्य एवं समस्त आचार्य परिवार के द्वारा विशेष पूजन और आरती की जा रही है. जिसमें मां दुर्गा के सप्तशती के पाठ एवं मां गायत्री की विशेष उपासना करवाई जा रही है.



करनवास. मंदिर पर 68 वर्षो से ज्योति अनवरत् प्रज्ज्वलित है

### काफी प्राचीन इतिहास है मंदिर का

करनवास स्थित श्री गायत्री आश्रम का बहुत प्राचीन इतिहास है. बताया जाता है कि ब्रह्मलीन पंडित माणकलाल आचार्य को स्वप्न में मिली प्रेरणा अनुसार सन 2018 में मां गायत्री मंदिर को भव्य स्वरुप प्रदान किया गया. पं. अर्पित माणकलाल आचार्य ने बताया कि श्री गायत्री ज्ञानाश्रम में नवरात्रि पर्व के दौरान माता का भव्य एवं अलौकिक श्रृंगार किया जाता है.

### दूर-दूर से मंदिर धाम आते है श्रद्धालु

माताजी के मंदिर पर बहुत दूर-दूर से श्रद्धालु जुड़े हुए है और मां के दर्शन करने आते है. श्री गायत्री ज्ञानाश्रम गायत्री दूर-दूर तक विख्यात है. मां गायत्री की कृपा से मनोकामनाएं पूर्ण होती है. मंदिर धाम पर सायंकालीन आरती 7. 30 बजे होती है जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन शामिल होते है.

श्री गायत्री ज्ञानाश्रम करनवास प्रतिवर्ष अनुसार 69वां चैत्र नवरात्रि महोत्सव मनाया जा रहा है. यहां पर मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित अर्पित माणकलाल आचार्य एवं समस्त आचार्य परिवार के द्वारा विशेष पूजन और आरती की जा रही है. जिसमें मां दुर्गा के सप्तशती के पाठ एवं मां गायत्री की विशेष उपासनाएं करवाई जा रही है. श्री गायत्री आश्रम का बहुत प्राचीन इतिहास है कि मां गायत्री ने ब्रह्मलीन पंडित माणकलाल जी आचार्य को स्वप्न में मां का मंदिर स्थापित करने की प्रेरणा हुई थी. उसी प्रेरणा के चलते उनने सतत मां गायत्री की सेवा एवं साधना की और सन 2018 में मां गायत्री के भव्य पंचमुखी स्वरूप की स्थापना हुए और परम पूज्य गुरुदेव का सपना साकार हुआ. पं. अर्पित माणकलाल आचार्य ने बताया कि श्री गायत्री ज्ञानाश्रम मे नवरात्रि पर्व के दौरान माता का भव्य एवं अलौकिक श्रृंगार किया जाता है. माताजी के मंदिर से बहुत दूर-दूर से श्रद्धालु जुड़े हुए हैं और मां के दर्शन करने आते हैं और श्री गायत्री ज्ञानाश्रम गायत्री दूर-दूर तक विख्यात है और लोगों की मां गायत्री की कृपा से मनोकामनाएं पूर्ण होती है. इसका भी इतिहास है और यहां पर नवरात्रि में भक्तों की अखंड ज्योति भी जलाई जाती है. मां गायत्री के सभी भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती है. श्री गायत्री ज्ञानाश्रम मे 68 वर्षों से अखंड ज्योति जल रही है. सायंकालीन आरती 7 .30 बजे की जाती है. जिसमें भक्तों की विशेष उपस्थिति अत्याधिक मात्रा में रहती ह. वह बड़े ही धूमधाम से आरती की जाती है.